

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सोमवार को प्रदेश के सूचना आयोग के पदाधिकारियों ने मुख्य सूचना आयुक्त विजय यादव के नेतृत्व में लोकभवन में सौजन्य भेंट की।

# समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम पर मनेगा स्थापना दिवस



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 2026 को समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम पर किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। एक नवंबर को मनाया जाने वाला मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कृषि विकास और किसान कल्याण पर केंद्रित होगा। उन्होंने कृषि, प्राकृतिक खेती और कृषि क्षेत्र में नवाचारों पर आधारित प्रदर्शनियां आयोजित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार करने वाले किसानों, उद्यमियों और युवाओं को सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रमों के साथ जिला स्तर पर भी उत्साह और उल्लास के साथ आयोजन किए जाएं। स्थापना दिवस की रात सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी।

डॉ. यादव ने सोमवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस प्रदेश का उत्सव है, इसलिए कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में बताया गया कि 71वां मध्यप्रदेश स्थापना समारोह लाल परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इसमें विकसित मध्यप्रदेश-2047, एक जिला-एक उत्पाद, प्रदेश की पारंपरिक कलाओं, मंदिर स्थापत्य, विरासत से विकास और कृषि उपलब्धियों पर प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। देशज व्यंजनों का मेला भी आयोजित होगा। एक नवंबर की शाम सुगम संगीत कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित कलाकार प्रस्तुति देंगे।

जिला मुख्यालयों पर सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ उत्कृष्ट कार्यों और जिला उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, उद्योगपतियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और उपलब्धियां हासिल करने वाले लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।

### ग्वालियर टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन में ...

# निवेश के लिए दक्षिण भारत से लेंगे सहयोगः डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईटी, डीपटेक और टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन स्थापित करना केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए दक्षिण भारत के निवेशकों का सहयोग लेने की पहल की गई है।

- **बेंगलुरु में मंगलवार को निवेशकों के साथ संवाद कार्यक्रम**
- **ग्वालियर-चंबल में औद्योगिक विस्तार पर जोर**

मुख्यमंत्री ने सोमवार को गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित निजी प्रतिष्ठान में मीडिया से चर्चा के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन में निवेश के लिए नई दिल्ली और मुंबई में इन्वेस्टमेंट टू रोड शो आयोजित किए जा चुके हैं। मंगलवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में निवेशकों के साथ संवाद कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल अंचल औद्योगिक विस्तार के लिए अनुकूल है।

इंदौर, उज्जैन, भोपाल और जबलपुर के आसपास भी उद्योग-व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा है। छोटे-बड़े शहरों में भारी उद्योग, लघु उद्योग, एमएसएमई और कुटीर उद्योगों के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।

## बेंगलुरु में निवेशकों से संवाद करेंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 22 सितंबर को बेंगलुरु में टेलीकॉम क्षेत्र के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ निवेशक बैठक में ग्वालियर में विकसित किए जा रहे टेलीकॉम विनिर्माण क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।
ताज बेंगलुरु में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री निवेशकों को ग्वालियर टेलीकॉम विनिर्माण क्षेत्र में उपलब्ध निवेश अवसरों, राज्य की औद्योगिक नीतियों और निवेश के लिए सरकार की ओर से दिए जा रहे सहयोग की जानकारी देंगे। टेलीकॉम उपकरणों के विनिर्माण के साथ अनुसंधान, नवाचार और इससे जुड़े उद्योगों के विस्तार की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी। बैठक में ग्वालियर टेलीकॉम विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख विशेषताओं और निवेशकों के लिए उपलब्ध प्रोत्साहनों की जानकारी दी जाएगी। अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई तथा दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र से जुड़े अवसरों और नीतिगत सहयोग की जानकारी रखेंगे। कार्यक्रम में टेलीकॉम उद्योग की प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे। निवेश के इच्छुक उद्योगों के साथ उनके प्रस्तावों और अपेक्षाओं पर भी चर्चा होगी। बैठक में भारत सरकार के संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया भी शामिल होंगे।
मुख्यमंत्री बेंगलुरु प्रवास के दौरान टेलीकॉम और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े प्रमुख संस्थानों का अवलोकन भी करेंगे।

## जल्द रीवा के खेतों तक पहुंचेगा नर्मदा जल

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्लीमनाबाद टनल का काम तेजी से पूरा होने की ओर है। इसके पूरा होते ही रीवा जिले के खेतों तक नर्मदा का जल पहुंचेगा। इससे क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल की सुविधा बढ़ेगी। मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में किसानों को संबोधित कर रहे थे। खेती-किसानी, विशेषकर उद्यानिकी और प्राकृतिक खेती में रीवा का जवाब नहीं है। किसानों की मेहनत से जिले में धान, गेहूं, चना, मसूर, अलसी और सोयाबीन का भरपूर उत्पादन हो रहा है। त्योंथर, लोंही, सिरमौर और सेमरिया की सिंचाई परियोजनाएं पूरी होने पर करीब एक लाख 32 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि रीवा में एक हजार हेक्टेयर क्षेत्र को प्राकृतिक खेती समूह के रूप में विकसित किया जा रहा है। बसामन मामा गो-अभयारण्य में संचालित प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केंद्र से किसानों को जीवामृत, घन जीवामृत और प्राकृतिक खेती की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# महिलाओं को संकट में मिले त्वरित न्यायः रेखा यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव ने कहा कि संकट की स्थिति में वन स्टॉप सेंटर पहुंचने वाली प्रत्येक महिला को सुरक्षा के साथ सम्मान और भरोसे का वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनते हुए प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रेखा यादव एवं सदस्य साधना स्थापक नेवन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संकटग्रस्त महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही काउंसलिंग, चिकित्सा, कानूनी सहायता, अस्थायी आश्रय और पुलिस सहायता जैसी सेवाओं की जानकारी ली। रेखा यादव ने कहा कि प्रभावी काउंसलिंग, आवश्यक कानूनी एवं चिकित्सा सहायता तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय से महिलाओं को समय पर राहत और न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है। सदस्य साधना स्थापक ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर का उद्देश्य संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही स्थान पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। आयोग के पदाधिकारियों ने



शिकायतों के त्वरित निराकरण, प्रभावी काउंसलिंग और जरूरत के अनुसार सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सहायता के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए विभागीय समन्वय मजबूत होना जरूरी है।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति गठित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारत सरकार द्वारा अधिसूचित इनलैंड वेसल्स एक्ट के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन, राज्य में अंतर्देशीय जल परिवहन और जल पर्यटन गतिविधियों के सुव्यवस्थित विकास तथा संबंधित प्रशासनिक, तकनीकी और विधिक व्यवस्थाओं के परीक्षण के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति का गठन किया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार समिति में वित्त, परिवहन, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के सचिव और मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक सदस्य होंगे। पर्यटन विभाग के भार-साधक सचिव को सदस्य-सचिव बनाया गया है। इनलैंड वॉटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है।

समिति मध्यप्रदेश में इनलैंड वेसल्स एक्ट, 2021 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशासनिक, तकनीकी और विधिक व्यवस्थाओं का परीक्षण कर अनुशंसा करेगी। इसके अलावा राज्य स्तर पर नियम निर्माण की आवश्यकता, पृथक मध्यप्रदेश अंतर्देशीय जल परिवहन अधिनियम की व्यवहार्यता और अन्य राज्यों में प्रचलित व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगी।

# नई पीढ़ी में देशभक्ति और आत्मविश्वास बढ़ाना ही सेवा संकल्प का उद्देश्यः कृष्णा गौर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि नई पीढ़ी के दिल में देश के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना दिखाई देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास एवं देशभक्ति की भावना बढ़ाना है, ताकि वे मजबूत भारत के निर्माण में योगदान दे सकें।

वे सोमवार को गोविंदपुरा



स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आनंद नगर में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित 'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना करते हुए विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्साहवर्धन किया।

समारोह में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर आयोजित चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को राज्यमंत्री ने पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

## केंद्रीय मंत्री चौहान का बड़ा एक्शन, रिश्वत मांगने वाला अधिकारी सस्पेंड

**नप्र, भोपाल :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रिश्वत मांगने की शिकायत पर कृषि मंत्रालय के विपणन अधिकारी अनुराग के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

विपणन अधिकारी ने सीहोर जिले में निरीक्षण के दौरान दो वेयरहाउस से सब्सिडी की राशि जारी करने के एवज में रिश्वत मांगी थी। शिकायत के अनुसार, भैरुंदा तहसील स्थित शिवाय वेयरहाउस से 1 लाख रुपये और रेहटी क्षेत्र के ग्राम बेहराखेड़ी स्थित श्री कृष्णा वेयरहाउस से 60 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी। मामले की गंभीर शिकायत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंची थी।

शिकायत मिलने के बाद कृषि मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद कृषि मंत्रालय के विपणन अधिकारी अनुराग को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। कार्रवाई के बाद मंत्रालय की ओर से यह संदेश भी साफ है कि किसानों और वेयरहाउस संचालकों से संबंधित सरकारी प्रक्रिया में किसी भी तरह की अनियमितता या रिश्वतखोरी की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा।

# मानसून की विदाई से पहले फिर बदलेगा मौसम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई से पहले मध्य प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने वाला है।

मौसम विभाग ने 24 सितंबर से प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले प्रदेश में रिमझिम बारिश का दौर जारी रहेगा। अब तक प्रदेश में औसतन 33.9 इंच बारिश दर्ज की गई है, जो मानसूनी कोटे का करीब 91 प्रतिशत है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर अंडमान सागर और आसपास के क्षेत्र में बना निम्न दाब क्षेत्र आगे बढ़ चुका है। इसके 22 सितंबर को डीप डिप्रेशन में बदलने की संभावना है। इसके प्रभाव से 24 सितंबर से कई जिलों में तेज बारिश हो सकती है।

24 सितंबर को छतरपुर, सतना, दमोह, डिंडौरी, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इससे पहले रविवार रात भोपाल के कई इलाकों में तेज बारिश हुई। नर्मदापुरम में तेज हवा के बाद करीब पौन घंटे बारिश हुई। फेफरताल में 33 केवी लाइन पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई और शहर का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा अंधेरे में रहा।

रसूलिया, आशुतोष नगर और हरदा रोड स्थित महाराणा प्रताप

- **अब तक 33.9 इंच बारिश**
- **नर्मदापुरम में तेज हवा-पानी से गणेश पंडालों को नुकसान**

मार्केट में गणेश पंडालों को नुकसान पहुंचा। प्रदेश के 23 जिलों में औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई है, जबकि कई जिलों में अब भी सामान्य से कम बारिश हुई है।

## एशियन गेम्स में पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियन गेम्स 2026 में पुरुष 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपनी उपलब्धियों से जापान में भारत का तिरंगा लहरा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल, पार्थ राकेश माने और हिमांशु ढिल्लों की सफलता को देश के करोड़ों खेल प्रेमियों के लिए गर्व और प्रेरणा का अवसर बताया। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार ओपन करेक्शनल इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधन के लिए राज्य शासन ने राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन किया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार समिति के अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष या उनके द्वारा नामांकित प्रतिनिधि होंगे। इसमें उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश भी शामिल हो सकते हैं। भार-साधक सचिव या अतिरिक्त सचिव, जेल विभाग और महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं मध्यप्रदेश को समिति का सदस्य बनाया गया है।

समिति सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन की निगरानी करेगी। इसके साथ ही खुली सुधारात्मक संस्थाओं के उपयोग, संचालन और विस्तार की समीक्षा करेगी। बंद कारागारों से पात्र बंदियों की पहचान कर उन्हें खुली सुधारात्मक संस्थाओं में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने का कार्य भी करेगी।

## उद्यानिकी को मूल्य संवर्धन से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने पर मंथन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश में उद्यानिकी क्षेत्र को केवल उत्पादन तक सीमित रखने के बजाय संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, बाजार संपर्क और निर्यात से जोड़ने की दिशा में राज्य नीति आयोग ने नीति संवाद आयोजित किया। संवाद में शासन, कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र के अधिकारी, नीति विशेषज्ञ, कृषक उत्पादक संगठन, वित्तीय संस्थान, उद्योग प्रतिनिधि और तकनीकी संस्थाओं के विशेषज्ञ शामिल हुए।

कार्यक्रम में किसानों को उत्पादन का बेहतर मूल्य दिलाने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक उनकी पहुंच बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। राज्य नीति





आयोग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वरौचिष सोमवंशी ने कहा कि अब केवल उत्पादन बढ़ाने के साथ यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि उत्पाद से मिलने वाले अधिकतम मूल्य का लाभ किसानों तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि मजबूत शीत श्रृंखला, आधुनिक प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और बेहतर बाजार संपर्क से उद्यानिकी उत्पादों की आर्थिक क्षमता का उपयोग किया जा सकता है।

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव श्रीमन शुक्ला ने कहा कि उत्पादन आधारित व्यवस्था से मूल्य श्रृंखला आधारित व्यवस्था की ओर बढ़ने से किसानों को बेहतर मूल्य मिलने के अवसर बढ़ेंगे।

कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता ने कहा कि उद्यानिकी को उच्च मूल्य आधारित कृषि और प्रसंस्करण से जोड़ना प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण अवसर है।

**तेजा दशमी की दीं शुभकामनाएंः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोक आस्था के महापर्व तेजा दशमी की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज के प्रति श्रद्धा और आस्था का यह पर्व हम सभी के जीवन में सुख-शांति और खुशहाली लेकर आए।

# फर्जी सिम नेटवर्क पर पुलिस की कार्रवाई कई जिलों में आरोपी गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** साइबर अपराधों में इस्तेमाल होने वाले फर्जी सिम कार्ड की सप्लाई चेन पर कार्रवाई के लिए मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा ऑपरेशन फर्स्ट 2.0 चलाया जा रहा है। तकनीकी विश्लेषण और साइबर अपराध से जुड़े डेटा के आधार पर संदिग्ध सिम और उनके नेटवर्क की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। ग्वालियर पुलिस ने फर्जी सिम जारी करने के मामले में नौ प्रकरण दर्ज किए हैं। जांच में आधार, फोटो और फिंगरप्रिंट के दुरुपयोग से जारी सिम का इस्तेमाल साइबर फ्रॉड में होने की जानकारी सामने आई है। इंदौर में 151 संदिग्ध सिम की पहचान की गई, जिनका संबंध 212 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों से मिला। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। राज्य साइबर सेल इंदौर ने ग्राहकों के आधार पर स्वयं के फोटो का उपयोग कर 101 सिम फर्जी तरीके से सक्रिय करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। छतरपुर में तीन, सतना में दो, टीकमगढ़ में पांच और कटनी में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कटनी में कार्रवाई के दौरान 98 सिम, बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट मशीन और तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए। झाबुआ में तीन पीओएस संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, फर्जी सिम नेटवर्क से जुड़े मामलों की जांच जारी है। पुलिस ने नागरिकों से ई-केवाईसी और बायोमेट्रिक प्रक्रिया में सावधानी बरतने तथा अपने नाम पर जारी मोबाइल नंबरों की समय-समय पर जांच करने की अपील की है।

**पुनर्स्थापना** *बांधवगढ़ में बढ़ रहा गौर का कुनबा...*

# कान्हा में वन भैंसा पुनर्स्थापना से मजबूत होगा पारिस्थितिकी तंत्र

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ और कान्हा टाइगर रिजर्व में बड़े शाकाहारी वन्यजीवों के संरक्षण और पुनर्स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं। बांधवगढ़ में गौर की संख्या बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जबकि कान्हा में वन भैंसा को फिर से बसाने की प्रक्रिया जारी है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के अनुसार गौर वर्ष 1998 में यहां विलुप्त हो गया था। इसके बाद वर्ष 2011-12 में कान्हा से 50 गौर लाकर



पुनर्स्थापित किए गए, जिनकी संख्या बढ़कर करीब 170 हो गई। आनुवंशिक विविधता बनाए रखने के लिए सतपुड़ा से भी गौर लाने की योजना बनाई गई। फरवरी 2025 और जनवरी 2026 में कुल 50 नए गौर बांधवगढ़ लाए गए। वर्तमान में बांधवगढ़ लैंडस्केप में गौर की संख्या लगभग 220 से 240 के बीच बताई गई है।

### बड़े शाकाहारी वन्यजीव जंगल के संतुलन में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका

कान्हा टाइगर रिजर्व में वन भैंसा पुनर्स्थापना की दिशा में कार्य किया जा रहा है। तीन वर्षों में 50 वन भैंसे लाने की योजना है। प्रथम चरण में अप्रैल 2026 से अब तक दो खेपों में आठ वन भैंसे कान्हा पहुंच चुके हैं। इन्हें प्रारंभिक अवधि में बाड़े में रखा जाएगा और संख्या बढ़ने के बाद प्राकृतिक रहवास क्षेत्रों में छोड़ा जाएगा। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार गौर और वन भैंसा जैसे बड़े शाकाहारी जंगल के पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके संरक्षण से जैव विविधता को मजबूती मिलेगी और अन्य वन्यजीवों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com